श्यामा तेरी आरती कन्हैया तेरी आरती

श्यामा तेरी आरती, कन्हैया तेरी आरती,
सारा संसार करेगा कर जोड़ के,

सिर पर सोहना मुकुट बिराजै,
गल बैजन्ति माला साजै,
और पुष्पन के हार,
करेगा कर जोड़ के,
श्यामा तेरी....

ब्रह्मादिक तेरो यश गावे,
नारद सारद ध्यान लगावे,
और करे जय जयकार,
करेगा कर जोड़ के,
श्यामा तेरी.....

मैं हु दीनन दुखियां भारी,
आया हु प्रभु शरण तिहारी,
रखियो लाज हमार,
करेगा कर जोड़ के,
श्यामा तेरी.....

प्रेम सहित जो आरती गावे,
राधा माधव के फल पावे,
पाये सुयस अपार,
करेगा कर जोड़ के,
श्यामा तेरी....

श्यामा तेरी आरती, कन्हैया तेरी आरती,
सारा संसार करेगा कर जोड़ के

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3267/title/shyama-teri-aarti-kanahiya-teri-aarti-sara-sansar-karega-kar-jog-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |